# अभियंता प्रमुख का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

संवेदक **Sri Rajesh Kumar, (Regd. No- 3200763), At-Ashok Nagar, A.P. Colony, Rampur, Dist-Gaya, Bihar, Pin No-823001** को कार्य प्रमंडल, **गया** के अधीन योजनाशीर्ष **MMGSY(Gen)** अंतर्गत **Parsawan to Misarachauk** तक पथ निर्माण कार्य आवंटित था जिसका एकरारनामा संख्या– 36/MMGSY/GEN/SBD/2020-21 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–07.07.2020 एवं कार्य पूर्णता की तिथि–06.04.2021 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के निर्धारित अवधि अंतर्गत पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, गया** का पत्रांक–1437 दिनांक–14.06.2022, पत्रांक–1909 दिनांक–24.08.2022, पत्रांक–2105 दिनांक–22.09.2022 एवं पत्रांक–949 दिनांक–10.05.2023 के माध्यम से संवेदक को कार्य पूर्ण करने हेतु स्मारित किया गया। परन्तु संवेदक द्वारा एकरारनामा शर्तो के अनुरूप कार्य पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

मुख्य अभियंता–1, सम्प्रति मुख्य अभियंता–2 गया, ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक–3900 दिनांक–30.11.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य अंचल, गया** का पत्रांक–1628 अनु0 दिनांक–27.11.2023 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, गया** का पत्रांक–2312 अनु0 दिनांक–23.11.2023 द्वारा कार्य को एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित/अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक कार्य को ससमय पूर्ण नहीं करने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराई गई। उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–6356 दिनांक–14.12.2023 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की पृच्छा की गयी थी। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–2708 दिनांक–14.08.2024 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव अप्राप्त रहने के कारण पुनः संवेदक को अंतिम रूप से विभागीय पत्रांक–3075 दिनांक–25.09.2024 द्वारा स्मारित किया गया। संवेदक द्वारा कोई प्रतिउत्तर उपलब्ध नहीं कराया गया।

इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है। कार्य अपूर्ण रहने के कारण आम जनता को योजना का लाभ नहीं मिल पाया एवं विभाग की छवि धुमिल हुई है। कार्य पूर्ण नहीं करने हेतु संवेदक दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11 (क) (vi) के आलोक में संवेदक **Sri Rajesh Kumar, At-Ashok Nagar, A.P. Colony, Rampur, Dist-Gaya, Bihar के निबंधन संख्या–3200763** को अगले 03(तीन) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

24/10/24

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं गु0नि0)कालीसूची—10—77/2023-3326/पटना, दिनांकः—25/10/24

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं गु0नि0)कालीसूची—10—77/2023—3326/पटना, दिनांकः—25/10/24

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं गु0नि0)कालीसूची—10—77/2023-3326/पटना, दिनांकः—25/10/24

प्रतिलिपिः— प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं गु0नि0)कालीसूची—10—77/2023-3326/पटना, दिनांकः—25/10/24

प्रतिलिपिः— संवेदक **Sri Rajesh Kumar, (Regd. No- 3200763), At-Ashok Nagar, A.P. Colony, Rampur, Dist-Gaya, Bihar, Pin No-823001** को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख